सत्यमेव जयते

## बिहार विधान सभा

## की

# राजकीय आश्वासन समिति

# का

# 349वाँ प्रतिवेदन

## (स्वास्थ्य विभाग)

(दिनांक 23/07/2026 ई० को सदन में उपस्थापित)

बिहार विधान सभा
की
राजकीय आश्वासन समिति प्रशाखा द्वारा प्रकाशित ।

# विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | प्राक्कथन | क |
| 2. | राजकीय आश्वासन समिति के माननीय सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची । | ख |
| 3. | आश्वासनों की सूची | ग |
| 4. | प्रतिवेदन | 1-22 |
| 5. | परिशिष्ट | 23-74 |

## प्राक्कथन

**मैं सभापति,** राजकीय आश्वासन समिति की हैसियत से बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 211 के तहत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न वर्षों के कुल 21 आश्वासनों के कार्यान्वयन से संबंधित राजकीय आश्वासन समिति का 349वाँ प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

इस प्रतिवेदन सन्निहित आश्वासनों को समिति की दिनांक 4 अगस्त, 2023 की बैठक में समीक्षोपरान्त कार्यान्वित माना गया तथा इस प्रतिवेदन को समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

संसदीय लोकतंत्र में विधायकगण, विधानमंडल में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसी उद्देश्य की पूर्ती हेतु जन-प्रतिनिधि द्वारा जनहित के विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसपर सरकार का आश्वासन होता है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 284 के तहत गठित राजकीय आश्वासन समिति, सरकार द्वारा सदन में दिये गये ऐसे आश्वासनों, प्रतिज्ञाओं और वचनों आदि के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ कार्य करती है तथा कार्यान्वित आश्वासनों से संबंधित प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करती है।

इन आश्वासनों के कार्यान्वयन में विभागीय पदाधिकारियों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

दामोदर रावत,

सभापति,<br>राजकीय आश्वासन समिति,<br>बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## बिहार विधान सभा के राजकीय आश्वासन समिति की वर्ष 2024–25 के माननीय सदस्यों की सूची --

**सभापति**

| | |
|---|---|
| 1. श्री दामोदर रावत | स०वि०स० |

**सदस्यगण**

| | |
|---|---|
| 1. श्री केदार नाथ सिंह | स०वि०स० |
| 2. श्री संजय कुमार गुप्ता | स०वि०स० |
| 3. श्री हरिभूषण ठाकुर "बचोल" | स०वि०स० |
| 4. श्री जनक सिंह | स०वि०स० |
| 5. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह | स०वि०स० |
| 6. श्री सुदर्शन कुमार | स०वि०स० |
| 7. श्री उमाकांत सिंह | स०वि०स० |
| 8. श्री रामविशुन सिंह | स०वि०स० |
| 9. श्री मुरारी प्रसाद गौतम | स०वि०स० |

## सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों की सूची--

| | |
|---|---|
| 1. श्री राज कुमार | सचिव |
| 2. श्री असीम कुमार | निदेशक |
| 3. श्रीमती पूनम सिन्हा | उप-सचिव |
| 4. सुश्री शिल्पा यादव | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 5. श्री राजीव कुमार सिंह | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 6. श्री शक्ति कुमार प्रसाद | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 7. श्री राजीव रंजन-III | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 8. श्री मो० अली | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 9. श्री रवि शंकर | डाटा इंट्री ऑपरेटर |

दिनांक 04 अगस्त, 2023 को राजकीय आश्वासन समिति की हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यान्वित आश्वासनों की सूची --

| क्रम सं० | आश्वासन सं० |
|---|---|
| 1 | 205/21 |
| 2 | 223/21 |
| 3 | 527/21 |
| 4 | 539/21 |
| 5 | 705/21 |
| 6 | 721/21 |
| 7 | 1145/21 |
| 8 | 1160/21 |
| 9 | 1470/21 |
| 10 | 1519/21 |
| 11 | 271/22 |
| 12 | 272/22 |
| 13 | 347/22 |
| 14 | 786/22 |
| 15 | 792/22 |
| 16 | 815/22 |
| 17 | 839/22 |
| 18 | 845/22 |
| 19 | 1518/22 |
| 20 | 1527/22 |
| 21 | 1573/22 |

# प्रतिवेदन

## स्वास्थ्य विभाग

--------

### आश्वासन संख्या 205/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 442 (द-84), दिनांक 26 फरवरी, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री महा नंद सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**—अरवल जिला अन्तर्गत अरवल सदर अस्पताल में काफी संख्या में मरीज चिकित्सा कराने आते हैं, किन्तु यहां ब्लड बैंक एवं आई०सी०यू० की सुविधा नहीं है, जिससे मरीजों के परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक के साथ आई०सी०यू० की स्थापना कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--अध्यक्ष महोदय, अरवल जिला अन्तर्गत स्थित सदर अस्पताल में ब्लड बैंक की अनुज्ञप्ति हेतु कार्रवाई प्राथमिकता पर की जा रही है। केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (पूर्वी क्षेत्र), कोलकाता के साथ संयुक्त निरीक्षण हेतु कार्यालय पत्रांक 279(15), दिनांक 15 फरवरी, 2021 द्वारा अनुरोध किया जा चुका है। निरीक्षण कार्य संयुक्त रूप से केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (पूर्वी क्षेत्र), कोलकाता के औषधि निरीक्षक तथा स्थानीय औषधि निरीक्षक द्वारा किया जाना है। निरीक्षणोंपरान्त अनुज्ञप्ति हेतु महा औषधि नियंत्रक, भारत सरकार, नई दिल्ली को अनुशंसा की जा सकेगी। सदर अस्पताल, अरवल के आई०सी०यू० की स्थापना भविष्य में विशिष्ट चिकित्सकों एवं अन्य प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा ।

**श्री महा नंद सिंह**--अध्यक्ष महोदय, पूरक सवाल है । माननीय मंत्री महोदय से हम जानना चाहते हैं कि अरवल में दुर्घटना का स्थान बिहार में दूसरा है और अरवल सदर अस्पताल में अभीतक ब्लड बैंक नहीं है, आई०सी०यू० की कोई व्यवस्था नहीं है, हड्डी का कोई स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी नहीं है। यह जो जवाब दिये हैं तो इसमें यह है कि यह केन्द्र सरकार से कबतक मांगेंगे, अनुरोध करेंगे....

**अध्यक्ष**--आप पूरक पूछें ।

**श्री महा नंद सिंह**--अध्यक्ष महोदय, कबतक वो करेंगे। इसमें समय निर्धारण नहीं है। जल्दी-से-जल्दी निर्धारण का टाईम दें ।

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--अध्यक्ष महोदय, अगले 2 महीने के अंदर कर लेंगे।

(ज्ञाप संख्या 205-वि०स०, पटना, दिनांक 3 अगस्त, 2021 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 205, दिनांक 3 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1395(15), दिनांक 5 अक्टूबर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-I पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 223/2021

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 473 (द-107), दिनांक 26 फरवरी, 2021 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री संजय सरावगी, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड के (a) हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, कंसी (b) हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर, सोनहान एवं (c) हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, रानीपुर में एम०बी०बी०एस० डॉक्टर नहीं है, इस कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त तीनों हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में एम०बी०बी०एस० चिकित्सकों की पदस्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है। वर्तमान में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, कंसी पर डॉ० मयंक भूषण ठाकुर, आयुष चिकित्सक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, सोनहान पर डॉ० मो० वसीम आयुष चिकित्सक एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, रानीपुर पर सप्ताह में दो दिन डॉ० रघुनाथ प्रसाद, आयुष चिकित्सकों से ओ०पी०डी० की सेवा ली जा रही है।

(2) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य के जिलों में Medical Officer APHC के पद पर Walk in Interview के माध्यम से नियोजन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन संख्या 01/2021 द्वारा अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

सभी जिलों में माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को Walk in Interview का आयोजन किया गया है। चिकित्सक उपलब्ध होते ही पदस्थापना कर दिया जायेगा।

कार्यहित में प्रश्नगत Health & Wellness Center में आयुष चिकित्सक कार्यरत है।

(ज्ञाप संख्या 223-वि०स०, पटना, दिनांक 3 अगस्त, 2021 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 223, दिनांक 3 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 106(12), दिनांक 8 फरवरी, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-II पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 527/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1188 (द-215), दिनांक 05 मार्च, 2021 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री राम सिंह, स०वि०स०, क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत भैरोगंज, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिसम्बर, 2019 से प्रसव कार्य भी बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भैरोगंज, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कार्य को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--वस्तुस्थिति यह है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैरोगंज में 23 मार्च, 2020 तक प्रसव कार्य कराया गया है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैरोगंज में 02 एम०बी०बी०एस० चिकित्सक डॉ० शिखा स्वराज एवं डॉ० विभूति भूषण पदस्थापित हैं।

श्रीमती निर्मला देवी, ए०एन०एम० पूर्व से पदस्थापित हैं। श्रीमती गीता कुमारी, ए०एन०एम० को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैरोगंज में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह के अन्दर प्रसव कार्य प्रारंभ हो जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 527–वि०स०, पटना, दिनांक 24 अगस्त, 2021 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 527, दिनांक 24 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 332(06), दिनांक 19 मई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-III पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 539/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1218 (द-139), दिनांक 05 मार्च, 2021 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री संजय सरावगी, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में 150 करोड़ की लागत से सुपर स्पेस्लिटी अस्पताल का निर्माण कार्य पिछले छः वर्षों से चल रहा है, जबकि कार्य पूर्ण होने की अवधि 3 वर्ष थी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में सुपर स्पेस्लिटी अस्पताल कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सुपर स्पेस्लिटी अस्पताल का निर्माण भारत सरकार की एजेंसी HITES लि० द्वारा कराया जा रहा है। विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी एवं भारत सरकार के साथ इसे ससमय पूर्ण कराने हेतु लगातार अनुश्रवण किया जाता है।

अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही इसे प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 539–वि०स०, पटना, दिनांक 24 अगस्त, 2021 ई०) ।

---

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 539, दिनांक 24 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 477(01), दिनांक 29 जून, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 705/21

### प्रसंग एवं विषय

अल्पसूचित प्रश्न संख्या 44 (अ०सू०-17), दिनांक 13 मार्च, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स० ।

**विषय**—अंग्रेजी समाचार-पत्र में दिनांक 11 फरवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक "False Phone numbers, Fake Name :- How Bihar Covid Testing Date Got Infected" को ध्यान में रखते हुये आंकड़े द्वारा कोरोना टेस्टिंग में व्यापक वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आया है, जिसमें पटना, जमुई, शेखपुरा एवं अन्य जिलों में कोरोना जाँच के नाम पर भारी अनियमितता उजागर हुयी है, तो इस मामले की जाँच हेत उच्चस्तरीय कमिटी गठन करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, ( मंत्री )**--महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि The Indian Express में दिनांक 11 फरवरी, 2021 को कोविड-19 के डाटा संरक्षण में की गयी अनियमितता से संबंधित समाचार के उपरांत विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये विभाग के 09 (नौ) वरीय चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिलाधिकारियों के स्तर से पटना, शेखपुरा एवं जमुई सहित राज्य के विभिन्न जिलों में कोविड 19 के डाटा की जाँच करायी गयी। जाँच के क्रम में मात्र जमुई जिला के बरहट एवं सिकन्दरा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कोविड 19 की डाटा संधारण में अनियमितता किये जाने की सूचना जिलाधिकारी, जमुई के द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2021 को दी गयी । जिला पदाधिकारी, जमुई के प्रतिवेदन पर विभाग, द्वारा पदाधिकारियों को निलंबित किया गया एवं दिनांक 22 फरवरी, 2021 को इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी--

(क) डॉ० विजयेन्द्र सत्यार्थी, सिविल सर्जन, जमुई ।

(ख) डॉ० विमल कुमार चौधरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जमुई-सह-प्रभारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जमुई ।

(ग) डॉ० नन्द कुमार मंडल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बरहट, जमुई ।

(घ) डॉ० शाजिद हुसैन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरा, जमुई। जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री सुधांशु कुमार लाल एवं जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई श्री मुकेश कुमार से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है।

जाँच प्रतिवेदन के आलोक में जिला स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरहट के नियमित दो ए०एन०एम० को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी तथा 07 (सात) संविदा नियोजित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरा, जमुई के 03 (तीन) नियमित एवं 09 (नौ) संविदा नियोजित, जिसमें 02 (दो) चिकित्सक डॉ० अनवर एवं डॉ० विश्वजीत भी हैं, से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इन सभी कर्मियों के विरुद्ध नियमानुकूल अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 705-वि०स०, पटना, दिनांक 25 अगस्त, 2021 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 705, दिनांक 25 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 330(09), दिनांक 26 मई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-V पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 721/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1801 (द-134), दिनांक 13 मार्च, 2021 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री विनय कुमार, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, चासी एवं गुरारू प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, कनौसी सहित अन्य सभी प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर मात्र एक ही नर्स की पदस्थापना की गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित उप-स्वास्थ्य केन्द्रों सहित सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों सहित सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मीगण की पदस्थापना कराते हुये इलाज की सुविधा प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय ( मंत्री )**--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चासी (गुरूआ) में श्रीमती निर्मला कुमारी, ए०एन०एम० पदस्थापित हैं।

स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कनौसी (गुरारू) नवसृजित है जहां अभी ए०एन०एम० की पदस्थापना नहीं हुयी हैं श्रीमती माधुरी कुमारी, ए०एन०एम० को प्रतिनियुक्ति कर कार्य लिया जा रहा है।

(2) सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में मानक के अनुरूप दो ए०एन०एम० होना चाहिये। गया जिले में 473 स्वास्थ्य उप-केन्द्र संचालित है जिसमें 641 ए०एन०एम० पदस्थापित एवं कार्यरत हैं।

रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयरेंस की कार्रवाई की जा रही है।

(ज्ञाप संख्या 721–वि०स०, पटना, दिनांक 25 अगस्त, 2021 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 721, दिनांक 25 अगस्त, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 331(06), दिनांक 19 मई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1145/21

### प्रसंग एवं विषय

अल्पसूचित प्रश्न संख्या 63 (अ०सू०-23), दिनांक 19 मार्च, 2021 को (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री राज कुमार सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**— (1) राज्य सरकार द्वारा योग के माध्यम से राज्य के आमजनता को जागरूक करने और योग का प्रशिक्षण देने हेतु 27 जिला एवं 22 अनुमंडल अस्पतालों में "दैनिक योग प्रशिक्षण कैंप" चलाये जाने का निर्णय लेते हुये योग्यता एवं संविदा के आधार पर योग प्रशिक्षक की नियुक्ति दस हजार रुपये मानदेय पर वर्ष 2008 में की गयी है ;

(2) उपर्युक्त योग प्रशिक्षकों के मानदेय में वर्ष 2008 से अबतक बढ़ोतरी नहीं की गयी है ;

(3) तो आमजनों के स्वास्थ्य लाभ हेतु योग प्रशिक्षकों के मानदेय में यथोचित बढ़ोतरी करते हुये योग को बढ़ावा देने हेतु योग प्रशिक्षण को कार्य पूरे राज्य में सुचारू रूप से चलाये जाने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय ( मंत्री )**--अध्यक्ष महोदय, (1) स्वीकारात्मक है।

(2) स्वीकारात्मक है।

(3) यथोचित बढ़ोतरी अगले वित्तीय वर्ष में की जायेगी ।

(ज्ञाप संख्या रा०आ०स०-35/2021-1145/वि०स०, पटना, दिनांक 2 सितम्बर, 2021 ई०) ।

---------

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1145, दिनांक 2 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 105(10), दिनांक 20 मई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1160/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2634 (पुन-59), दिनांक 19 मार्च, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्रीमती गायत्री देवी, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) कोविड-19 बीमारी से मरने वालों को सरकार आपदा से चार लाख रुपया की राशि उनके परिजन को देती है ;

(2) सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कचोर के निवासी दिनेश कापर की मृत्यु कोविड-19 से एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को 7.00 बजे में हो गयी थी ;

(3) तो स्व० दिनेश कापर को आपदा मद से चार लाख रुपया उनके परिजन को भुगतान करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--महोदय, (1) स्वीकारात्मक है।

(2) स्वीकारात्मक है।

(3) एक सप्ताह के अन्दर करा दिया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या रा०आ०स०-35/2021-1160/वि०स०, पटना, दिनांक 2 सितम्बर, 2021 ई०) ।

---

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1160, दिनांक 2 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1037(11), दिनांक 26 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1470/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 453 (द-26), दिनांक 30 जुलाई, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री राकेश कुमार रौशन, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) नालन्दा जिला के ए०एन०एम० स्कूल, इस्लामपुर के प्रचार्या कभी भी विद्यालय में नहीं रहती है ;

(2) जिला पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2020 को औचक निरीक्षण में भी वे अनुपस्थित पायी गयी है तथा विद्यालय का कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था, जिसपर जिला पदाधिकारी के ज्ञापांक 348/गो० द्वारा स्पष्टीकरण की भी मांग की गयी है ;

(3) विद्यालय के एक शिक्षक का जाली हस्ताक्षर बनाकर उनके खाता से राशि भी निकाल लेने का कार्य किया है ;

(4) तो ऐसे प्राचार्य पर कार्रवाई करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(2) जिला पदाधिकारी, नालंदा द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2020 के औचक निरीक्षण में प्राचार्य सहित कुछ कर्मी अनुपस्थित पाये गये जिनका वेतन अवरुद्ध करते हुये स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिला पदाधिकारी, नालंदा के ज्ञापांक 1988/गो०, दिनांक 24 मार्च, 2020 के द्वारा अनुपस्थित कर्मियों का वेतन विमुक्त किया गया है।

(3) अस्वीकारात्मक है। ऐसा कोई मामला विभाग के संज्ञान में नहीं है।

**श्री राकेश कुमार रौशन**--क्या माननीय मंत्री जी कार्रवाई करेंगे वैसे प्राचार्य पर जो इस्लामपुर में नहीं रहती है। एक और पूरक है मेरा महोदय जो वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया गया है माननीय मंत्री जी ने कहा कि संज्ञान में नहीं है जबकि स्पष्ट रूप से उसी स्कूल के एक टीचर हैं वह.....

**अध्यक्ष**--पूरक पूछिये न ?

**श्री राकेश कुमार रौशन**--वही टीचर का आरोप है कि पैसा निकाल लिया गया है हमारे एकाउन्ट से तो क्या उस प्राचार्य पर कार्रवाई करेंगे ?

**अध्यक्ष**--ठीक है, बैठ जाईए। माननीय मंत्री जी ।

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--महोदय, मैंने अपने जवाब में कहा है कि ऐसा कोई मामला विभाग के संज्ञान में नहीं है। यदि माननीय सदस्य के द्वारा संज्ञान में लाया जायेगा तो हम उसपर कार्रवाई करेंगे।

**श्री ललित कुमार यादव**--अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि प्राचार्या वहां नहीं रहती है और उनकी अनुपस्थिति के कारण बच्ची का एक बार अपहरण हुआ है, इतना गंभीर मामला है महोदय तो माननीय मंत्री जी से जानना चाहेंगे कि वे प्रधानाचार्ज के मोबाईल का सी०डी०आर० जांच करायेंगे कि कबतक रहती है, कब नहीं रहती है ?

**अध्यक्ष**--माननीय मंत्री जी।

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--जिस अपहरण बगैरह की घटना संबंधी चर्चा माननीय सदस्य कर रहे हैं वह प्रश्न में कहीं भी उसके बारे में कुछ लिखा हुआ नहीं है, लिखा रहता तो हम पता करके आते

और हम सारी विषयों पर जानकारी प्राप्त करते ।

**श्री ललित कुमार यादव**--महोदय, हमने कहा कि प्रचार्या अनुपस्थित रहती हैं ।

**श्री मंगल पाण्डेय, ( मंत्री )**--जिला पदाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मियों के वेतन भुगतान का निर्देश दिया है, जिलाधिकारी का पत्र मेरे पास में है।

**अध्यक्ष**--ललित जी, आप सीनियर सदस्य हैं, माननीय मंत्री जी बहुत सकारात्मक बोल रहे हैं कि आप लिखकर दे दीजिये, हम जाँच करवा देंगे।

**श्री ललित कुमार यादव**--महोदय, प्राचार्या के मोबाईल का सी०डी०आर० केवल जाँच करवा दें।

**अध्यक्ष**--ठीक है, माननीय मंत्री जी आप दिखवा लिजिये इसको। ठीक है दिखवा लेंगे। कह तो रहे हैं कि दिखवा लेंगे।

(ज्ञाप संख्या 1470 /वि०स०, पटना, दिनांक 23 सितम्बर, 2021 ई०) ।

---

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1470, दिनांक 23 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1090(6), दिनांक 30 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1519/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 492 (द-21), दिनांक 30 जुलाई, 2021 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता**—श्री दामोदर रावत, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत जी०एन०एम० ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल, महुली प्रखण्ड गिद्धौर का निर्माण 20.45 करोड़ की लागत से किया गया है तथा इसका उद्‌घाटन मा० मुख्यमंत्री जी के करकमलों द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2020 को किया जा चुका है किन्तु विभाग द्वारा अबतक उक्त ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का संचालन वर्तमान सत्र में प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) वस्तुस्थिति यह है कि जमुई जिला अन्तर्गत जी०एन०एम० ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल, महुली प्रखण्ड गिद्धौर का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है। उक्त ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का आगामी नामांकन सत्र से पहले संचालन प्रारंभ कर दिया जायेगा।

(2)

(ज्ञाप संख्या रा०आ०स०-44/2021-1519 /वि०स०, पटना, दिनांक 23 सितम्बर, 2021 ई०)।

---------

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1519, दिनांक 23 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था। स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 334(6), दिनांक 19 मई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-X पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

## आश्वासन संख्या 271/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 473 (द-21), दिनांक 04 मार्च, 2022 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री नन्द किशोर यादव, स०वि०स० ।

**विषय**— (1) पटना जिला के पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र में स्थित श्री गुरू गोविन्द सिंह अनुमंडलीय अस्पताल, पटना सिटी को ज्ञापांक 10/सदर 04-01/2018-325 (10), दिनांक 12 जुलाई, 2018 को श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना के रूप में उत्क्रमित करने के बावजूद भी वहां आजतक पूर्णकालिक अधीक्षक का पदस्थापन नहीं किया गया है ;

(2) सदर अस्पताल में उत्क्रमित करने के बावजूद भी वहां आजतक पूर्णकालिक अधीक्षक का पदस्थापन नहीं किया गया है ;

(3) तो उक्त सदर अस्पताल में पूर्णकालिक अधीक्षक का पदस्थापन करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—(1) स्वीकारात्मक है।

(2) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना में अधीक्षक के पद पर डॉ० पशुपति प्रसाद सिंह का नियमित पदस्थापन विभागीय अधिसूचना संख्या 732 (3), दिनांक 22 सितम्बर, 2020 द्वारा किया गया था जो जुलाई, 2021 में सेवानिवृत हो गये हैं। वर्तमान में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना अधीक्षक, सदर अस्पताल, पटना के भी अतिरिक्त प्रभार में है।

(3) श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना में अधीक्षक के पद पर पदस्थापन किये जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसे एक माह में पूर्ण कर दी जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 271-वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 271, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 311(3), दिनांक 28 जून, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 272/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 474 (द-88), दिनांक 04 मार्च, 2022 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**— (1) दरभंगा जिला के बिरौल प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिरौल परिसर में नर्सिंग महाविद्यालय का भवन बनकर तैयार है तथा इसके अतिरिक्त दरभंगा जिला के बिरौल अनुमंडल में एक भी नर्सिंग महाविद्यालय नहीं है ;

(2) तो उक्त नर्सिंग महाविद्यालय, बिरौल को संचालित करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, ( मंत्री )**--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि ए०एन०एम० स्कूल, बिरौल, दरभंगा को विभागीय आदेश ज्ञापांक 1009(6), दिनांक 23 सितम्बर, 2021 के द्वारा सत्र 2021-22 के लिये 60 सीटों पर नामांकन हेतु मान्यता प्रदान किया गया है। बी०सी०ई०सी०ई० बोर्ड, पटना के द्वारा छात्राओं के नामांकन के लिये कांउसेलिंग की प्रक्रिया की जा रही है जिसमें प्रथम काउंसेलिंग में 41 छात्राओं का चयन किया गया है जिसमें से 17 छात्राओं का नामांकन किया जा चुका है, शेष छात्राओं का नामांकन प्रक्रियाधीन है।

(ज्ञाप संख्या 272—वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 272, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 617(6), दिनांक 08 जुलाई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 347/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 608 (द-53), दिनांक 04 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री महबूब आलम, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में सड़क दुर्घटनाओं में भारी वृद्धि हुयी है, जिससे बिहार को अधिक-से-अधिक ट्रॉमा सेंटरों और विकलांग अस्पतालों के साथ पर्याप्त संख्या में फिजियोथेरापिस्टों एवं अकुपेशनल थेरापिस्टों की आवश्यकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में उक्त आवश्यकताओं को देखते हुये प्रतिवर्ष फिजियोथेरापिस्टों एवं अकुपेशनल थेरापिस्टों की बहाली करने की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रतिवर्ष पर्याप्त संख्या में फिजियोथेरापिस्टों एवं अकुपेशनल थेरापिस्टों की सरकारी नियुक्तियाँ निकालकर बहाल करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) फिजियोथेरापिस्टों के कुल सृजित पद 150 एवं अकुपेशनल थेरापिस्टों के कुल सृजित पद 87 के विरुद्ध फिजियोथेरापिस्टों के रिक्त 126 एवं अकुपेशनल थेरापिस्टों की रिक्त 86 पदों पर नियुक्ति हेतु विभाग द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गयी है। जिसके तहत कॉन्सिलिंग की प्रक्रिया चल रही है।

(ज्ञाप संख्या 347-वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 347, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 608 (11), दिनांक 13 मार्च, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 786/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1459 (द-101), दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमण्डल अस्पताल, जयनगर परिसर स्थित ए०एन०एम० प्रशिक्षण केन्द्र में शिक्षकों के 06 स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र दो कार्यरत, लिपिक के स्वीकृत 02 पद के विरुद्ध प्रतिनियुक्ति पर एक कार्यरत तथा वार्डेन का पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल स्वीकृत पद 30 के स्थान पर मात्र 19 छात्रायें नामांकित हैं तथा शैक्षणिक सत्र फरवरी, 2021 के बदले दिसम्बर, 2021 से वर्ग संचालन प्रारम्भ किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नर्सिंग केन्द्र में शेष स्वीकृत पदों पर शिक्षक एवं कर्मचारियों का नियुक्ति कर शैक्षणिक सत्र सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) स्वीकारात्मक है । ए०एन०एम० स्कूल, जयनगर, मधुबनी में ट्यूटर के स्वीकृत 6 पदों के विरुद्ध विभागीय आदेश ज्ञापांक 834 (6), दिनांक 7 अगस्त, 2021 के द्वारा 3 ट्यूटर को पदस्थापित किया गया जिसमें से 2 ट्यूटर श्री गिरीश कुमार जी तथा नीलम कुमारी कार्यरत है। विभागीय पत्रांक 1218(6), दिनांक 9 दिसम्बर, 2021 के द्वारा एक लिपिक श्री मनोज कुमार तथा दो चतुर्थवर्गीय कर्मी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

(2) स्वीकारात्मक है । अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर निर्धारित मानक के अनुरूप छात्राओं शैक्षणिक कैलेंडर को पूर्ण किया जायेगा।

(3) शैक्षणिक सत्र सुचारू रूप से संचालित है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा 216 नर्सिंग ट्यूटर का विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है। अनुशंसा प्राप्त होने के उपरान्त शेष रिक्त पदों पर पदस्थापन की कार्रवाई की जायेगी। गैर-शैक्षणिक पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से आवश्यक कर्मियों की सेवा प्राप्त की जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 786-वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 786, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 878(6), दिनांक 17 अगस्त, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 792/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1477 (द-205), दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री अवध बिहारी चौधरी, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि श्रीमती शैल कुमारी देवी, पति रामजीतन प्रसाद, ग्राम-भुलौनी, पो०-सिमरिया, थाना-नौतन, जिला-सीवान की मृत्यु कोविड-19 से दिनांक 27 मई, 2021 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान, संस्थान फुलवारीशरीफ, पटना में हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के ज्ञापांक 12/प-क्यू-03-34/21-1080, (12), दिनांक 30 नवम्बर, 2021 के द्वारा उक्त मृतका को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4,00,000 (चार लाख रुपये) के भुगतान हेतु सिविल सर्जन, सीवान को आदेश दिया गया था परन्तु सिविल सर्जन, सीवान ने उक्त मृतका के आश्रितों को चार लाख का भुगतान अभीतक नहीं किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के आदेश होने के बाद भी सिविल सर्जन, सीवान द्वारा भुगतान नहीं करने का क्या कारण है ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) स्व० शैल कुमारी देवी, पति रामजीतन प्रसाद, ग्राम-भुलौनी, पो०-सिमरिया, थाना-नौतन, जिला-सिवान के निकटतम परिजन श्री राम जीतन प्रसाद को अनुमान्य अनुग्रह अनुदान राशि 4,50,000 (चार लाख पचास हजार) मात्र का भुगतान प्रक्रिया अन्तर्गत है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सीवान के ज्ञापांक 390/आ०प्र०, दिनांक 10 मार्च, 2022 के द्वारा मो० साढ़े चार लाख रु० के भुगतान का स्वीकृत्यादेश निर्गत कर दिया गया है। अगले तीन दिनों के अन्दर राशि स्थानान्तरण की कार्रवाई पूर्ण कर ली जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 792–वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 792, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1122(12), दिनांक 21 जुलाई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 815/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1528 (द-22), दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री नन्द किशोर यादव, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के शासी निकाय की 31वीं बैठक के प्रस्ताव संख्या 31/06 द्वारा श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के ज्ञापांक 901, दिनांक 31 मई, 2021 के द्वारा श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने हेतु निविदा आमंत्रित कर अग्रेतर कार्रवाई करने के लिये प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना को पत्र भेजा गया है, किन्तु अभीतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--वस्तुस्थिति यह है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के ज्ञापांक 901, दिनांक 31 मई, 2021 के द्वारा श्री गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। निविदा प्रक्रियाधीन है।

(ज्ञाप संख्या 815-वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 815, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 771(12), दिनांक 22 मई, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 839/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1567 (द-175), दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री दिलीप राय, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि स्व० शिव शंकर चौधरी, पी०एम०सी०एच०, पटना के आँख विभाग में एच०ओ०डी० के पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 5 मई, 2021 को कोरोना से हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुदान के लिये आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद उनके परिजन को कोरोना से मृत्यु उपरान्त मिलने वाली अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० शिव शंकर चौधरी के परिवार को मरणोंपरात अनुग्रह राशि प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय (मंत्री)**--(1) स्व० शिव शंकर चौधरी, पी०एम०सी०एच०, पटना के आँख विभाग में सह-प्राध्यापक के पद पर कार्यरत थे, जो दिनांक 31 जुलाई, 2010 को सेवानिवृत्त हो गये।

मृतक की पत्नी श्रीमती कल्पना चौधरी द्वारा सूचित किया गया है कि वर्ष 2019 के बाद वे किसी निजी चिकित्सा संस्थान में कार्यरत नहीं थे।

प्रश्नगत मामले में सत्यापनोपरान्त मृतक के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान का भुगतान 15 दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 839–वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 839, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1459(12), दिनांक 28 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 845/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1574 (द-168), दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री अजय यादव, स०वि०स०।

क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नीमचक बथानी के सरकारी अस्पताल में एक पुराना एम्बुलेंस गाड़ी है जिससे मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में अतिरिक्त एम्बुलेंस गाड़ी कबतक, उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नीमचक बथानी के सरकारी अस्पताल का एम्बुलेंस परिचालन में है तथा मरीजों को इसकी सुविधा प्रदान की जा रही है। विदित हो कि बी०एम०एस०आई०सी०एल० के स्तर से एक हजार नये एम्बुलेंस का क्रय प्रक्रियाधीन है।

उक्त क्रय के उपरान्त नीमचक बथानी सहित राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दो-दो नये एम्बलेंसों (ALS) की सुविधा प्रदान कराये जाने की योजना क्रियान्वयन की प्रक्रिया में है।

(ज्ञाप संख्या 845-वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 845, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1144 (12), दिनांक 27 जुलाई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1518/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3112 (द-331), दिनांक 26 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री भरत बिन्द, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में कोविड-19 से मृत्यु उपरान्त राज्य सरकार द्वारा रु० 4 लाख की मुआवजा राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यू०आई०डी०सं० RTS-20-21921756, 23048600, 2558965 द्वारा क्रमशः कैमूर जिला के आमगीर अंसारी, बब्बन पाठक, रामसूरत गुप्ता सहित सैकड़ों कोविड-19 से वर्ष 2021 मृत व्यक्तियों के परिवार को अभीतक मुआवजा की राशि सरकार द्वारा नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिवार को रु० 4 लाख की मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय ( मंत्री )**--(1), (2) एवं (3) प्रश्नगत मामले में सत्यापनोपरान्त मृतक के निकटतम आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान 15 दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 1518–वि०स०, पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1518, दिनांक 18 जुलाई, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1590(12), दिनांक 01 नवम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1527/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3126 (द-320), दिनांक 26 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री विरेन्द्र सिंह, स०वि०स०।

(1) क्या यह बात सही है कि श्याम बहादुर सिंह, पिता-देवमंगल सिंह, ग्राम-भिखमपुर अंचल वजीरगंज जिला, गया की मृत्यु कोरोना से हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यक्ति की सूची कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया के पत्रांक 152, दिनांक 14 जनवरी, 2022 के द्वारा भेजी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1), (2) एवं (3) प्रश्नगत मामले में सत्यापनोपरान्त मृतक के निकटतम आश्रित को अनुग्रह अनुदान का भुगतान 15 दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 1527-वि०स०, पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1527, दिनांक 18 जुलाई, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1493(12), दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1573/22

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3192 (द-292), दिनांक 26 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री हरिशंकर यादव, स०वि०स०।

क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखण्ड स्थित रेफरल अस्पताल, रघुनाथपुर का एक्स-रे मशीन दो वर्ष पूर्व सीवान अस्पताल में ले जाने के कारण रेफरल अस्पताल में एक्स-रे कार्य बंद है, जिससे गरीब मरीजों को बाहर से एक्स-रे कराने में आर्थिक कठिनाई का सामना कर पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में एक्स-रे मशीन की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--वस्तुस्थिति यह है कि रेफरल अस्पताल, रघुनाथपुर में एक्स-रे मशीन आउटसोर्स के द्वारा संचालित था, अस्पताल परिसर में जल जमाव होने के कारण एक्स-रे मशीन खराब हो गया। संबंधित एजेन्सी के द्वारा एक्स-रे मशीन को बनवाया जा रहा है। इसके लिये प्रथम तल पर कमरा चिन्हित कर लिया गया है। एक्स-रे मशीन अधिष्ठापित कराकर 45 दिनों के अन्दर चालू करा दिया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 1573–वि०स०, पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2022 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1573, दिनांक 18 जुलाई, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1460 (12), दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XXI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 21 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 21 मार्च, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

# परिशिष्ट

**परिशिष्ट–I**

संख्या 15/औ०19-04/2021-1395(15)/ स्वा०

**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक

राम ईश्वर भा०प्र०से०,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में

अवर-सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

पटना, दिनांक 5 अक्टूबर, 2021 (ई०)।

विषय-- श्री महा नन्द सिंह, स०वि०स० के तारांकित प्रश्न सं० 442 (द-84) पर सरकारी उत्तर में सन्निहित आश्वासन संख्या 205/21 के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सप्तम् बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में दिनांक 26 फरवरी, 2021 को सदन के कार्यवाही के आलोक में विषयांकित मामले पर श्री मंगल पाण्डे, माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन के आलोक में अरवल जिला अन्तर्गत स्थित सदर अस्पताल में रक्त केन्द्र की अनुज्ञप्ति का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है, जिसका अनुज्ञप्ति संख्या BR-07(N) 2021 निर्गत तिथि 29 सितम्बर, 2021 है (छायाप्रति संलग्न)।

विश्वासभाजन,
राम ईश्वर,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

संख्या 15/औ०27-05/2021-1373(15)/ स्वा०

**निदेशालय औषधि नियंत्रण प्रशासन, बिहार, पटना ।**

**( स्वास्थ्य विभाग )**

-------

प्रेषक

रवीन्द्र कुमार सिन्हा,
राज्य औषधि नियंत्रक,
बिहार, पटना।

सेवा में

मेसर्स रक्त केन्द्र,
सदर अस्पताल, अरवल।

पटना, दिनांक 29 सितम्बर, 2021 (ई०)।

विषय--रक्त केन्द्र अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत Whole Human Blood I.P. & its Component के संग्रहण, संचयन एवं प्रसंस्करण की स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके आवेदन-पत्र विहित प्रपत्र-27सी०, दिनांक 18 जनवरी, 2021 के संदर्भ में कहना है कि आपको ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के अन्तर्गत विहित प्रपत्र 28सी में रक्त केन्द्र अनुज्ञप्ति संख्या BR-07(N) 2021 के द्वारा रक्त संचयन, संग्रहण एवं प्रसंस्करण निर्मित रक्त केन्द्र के संचालन के लिये स्वीकृति प्रदान की जाती है।

